हरिभूमि
# कटनी भूमि
5
जबलपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025
login : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**स्लीमनाबाद।** स्लीमनाबाद पुलिस के जमीन की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी जो कि काफ़ी लम्बे समय से फरार चल रहा था उसको गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने बताया कि आरोपी सरबर अली पिता सादिक अली निवासी खितौला जिला जबलपुर जो कि काफी समय से फरार चल रहा था जिसके द्वारा धोखाधडी व कूटरचना करते हुये चौहददी के विपरीत आवेदकगणो को जमीन का विक्रय करना पाया जाने से थाना स्लीमनाबाद में अप.क्र. 194/25 धारा 318(4), 338,336(3),340(2) बीएनएस का पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया था । जिसे बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहाँ न्यायलय ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### गर्राघाट पुल की ऊंचाई बढ़ाकर कराया जाए नवीन निर्माण

**उमरियापान।** उमरियापान ढीमरखेड़ा मुख्य मार्ग में गर्राघाट पुल पर बेलकुण्ड नदी का पानी बारिश के दिनों में जल्द ही ऊपर आ जाता है। पुल की ऊँचाई भी कम है। इस कारण पुल के ऊपर पानी होने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाता है। हरिभूमि ने पुल की ऊँचाई कम होने से हो रही ग्रामीणों की समस्या को उजागर किया। समस्या पर संज्ञान लेते हुए बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्राचार करते हुए गर्राघाट पर बने बेलकुण्ड नदी के पुल की ऊंचाई बढ़ाते हुए नवीन निर्माण कार्य कराने की मांग की। विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि गर्राघाट पुल की ऊँचाई कम होने से बरसात में नदी का पानी जल्दी ऊपर आ जाता है।इस कारण उमरियापान- ढीमरखेड़ा क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों का आवागमन अवरुद्ध हो जाता है और जन समुदाय की परेशानी बढ़ जाती है।

### जाति प्रमाण पत्र अपलोड करने की अनिवार्यता समाप्त

**कटनी।** नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार कक्षा 6वीं के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अब अनिवार्य नहीं है। जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य श्री आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र अपलोड करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं के लिए चयन परीक्षा-2026 हेतु ऑनलाईन आवेदन शुरू है। कक्षा 6वीं के लिए चयन परीक्षा हेतु आवेदन वेबसाईट के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।

### पथवारी रेल्वे पुलिया में पानी भरने से लोग परेशान



**बड़वारा।** तहसील मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पथवारी के स्थानीय निवासियों व दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने जाने वाले लोगों तथा बड़वारा महाविद्यालय अध्ययन करने आने वाले छात्र छात्राओं को पथवारी सड़क पर बनी रेल्वे पुलिया के नीचे लबालब पानी भरे रहने से आवा गमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। दो पहिया वाहन चालकों को भी बेहद तकलीफ होती है। ग्रामीणों ने अनेकों बार रेल्वे के जिम्मेदार अधिकारियों को मौखिक एवम लिखित शिकायत देकर पथवारी अंडर ब्रिज में भरे हुए पानी की निकासी करवाने के लिए ज्ञापन देकर व्यवस्था सुधरवाने की मांग की किन्तु रेल्वे के अधिकारी अपनी कुम्भकर्णी की निद्रा से आज तक नही जाग सके जबकि जनसमस्या का निराकरण हर हाल में करवाना रेल्वे के जिम्मेदार अधिकारियों का नैतिक दायित्व था। ग्राम वासियों ने जन प्रतिनिधियों व प्रशासन से पथवारी अंदर ब्रिज से पानी निकासी करबाने की मांग की है।

### बहोरीबंद विकासखण्ड में अब तक 70 प्रतिशत हुई है खरीफ फसल की बोवनी

# स्लीमनाबाद अंचल में रूठे बदरा, निजी बोरवेलों के सहारे सिंचाई कर की जा रही धान की रोपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद विकासखण्ड में इस बार शुरुआती दौर पर झमाझम बारिश होने से किसानों में उत्साह देखा गया। जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में हुई बारिश से किसानों ने खरीफ सीजन की ओर रुख किया। बारिश होने से इस बार धान लेई की ओर किसानों ने रुख किया। निर्धारित लक्ष्य 25 हजार हैक्टेयर में से 6 हजार हैक्टेयर में धान लेई बोवनी की गई यानि खेतो में जलभराब होने से सीधे मचौनी कर बुवाई करा दी गई। विगत एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण धान की फसल प्रभावित हो रही है साथ जो रकबा शेष बचा है उसमें रोपा लगाने किसान परेशान हो रहे है।

जुलाई का महीना लगभग बीतने को है और वर्तमान में अभी भी बड़ी संख्या में किसान अपने खेतों में रोपा लगाने का काम कर रहे हैं। कृषि विभाग से मिली जानकारी अनुसार अब तक की स्थिति में विकासखण्ड में कुल धान के रकबे में मात्र 70 प्रतिशत क्षेत्र में बुआई का काम पूरा हो सका है। शेष जो रकबा बचा है उसमें रोपा लगाया जाना है।

वहीं धान की रोपाई के लिए मजदूर नहीं मिलने से भी खेती का कार्य पिछड़ रहा है।

#### प्रभावित हो रही फसल

बहोरीबन्द विकासखण्ड में सावन माह मे बारिश ने जोर तो पकड़ा है लेकिन विकासखण्ड के सभी स्थानों में यह बारिश समान रूप से नहीं हो रही है कहीं ज्यादा तो कहीं कम बारिश होने से किसान परेशान हो रहे हैं।वर्तमान मे वर्षा अभाव के कारण पौधों का विकास रुक गया है।अब तक बहोरीबन्द तहसील में 567 मिमी.स्लीमनाबाद मैं 767 मिमी.बारिश दर्ज की गई है।

कृषक पवन यादव, राकेश साहू, अरविंद हल्दकार, धर्मेंद्र हल्दकार का कहना है कि सावन के लगते ही बारिश तो शुरू जरूर हुई है, लेकिन बारिश लगातार नहीं हो रही है, एक दिन की बारिश के बाद दो-तीन दिन धूप निकल जाने से खेतों में बनी सारी नमी समाप्त हो जाती है। विशेष रूप से धान की फसल के लिए खेतों में न केवल नमी बल्कि खेतों में कम से कम एक से डेढ़ फिट तक पानी भरा होना चाहिए, लेकिन बारिश लगातार नहीं होने से सभी जगह खेतों में पानी नहीं भर पा रहा है।

#### 7 घण्टे ही मिल रही बिजली

बारिश न होने की स्थिति मे कृषक निजी बोरवेलों के सहारे खेतो में सिंचाई कर खेतो को रोपा लगाने तैयार कर रहे है।लेकिन कृषि बिजली निर्धारित 10 घण्टे की जगह मात्र 7 घण्टे ही आपूर्ति हो रही है जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। दिन के समय की बिजली आपूर्ति की जा रही है व रात्रि की कटौती की जा रही है। 7 घण्टे की बिजली भी जो मिलती उसमे भी बार बार ट्रिपिंग की जा रही है।जिससे कृषक जो सिंचाई खेतो मैं करते है जमीन मैं पानी समा जाता है।खेतो मैं पर्याप्त पानी नही भर पाता।

इस संबंध मे बहोरीबंद विकासखण्ड कृषि विभाग के एसएडीओ आर के चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय मैं वर्षा अभाव के चलते कृषक धान खेतो में बने पानी निकास द्वार बंद कर दे एवं फसलों मैं जैविक खाद तथा शत प्रतिशत प्राकृतिक घास से बनी खाद का प्रयोग करें।रासायनिक खादों मैं बोरी वाली दानेदार यूरिया,डीएपी,सुपर फास्फेट, पोटाश का प्रयोग न करें। उर्वरकों की पूर्ति हेतु नैनो, डीएपी,नैनो यूरिया तथा जल विलेय उर्वरकों का फसलों मैं छिड़काव करें जिससे फसल नुकसान को बचाया जा सकता है।

# अब तक 1873 एमटी मूंग, 163 एमटी उड़द की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर रबी विपणन वर्ष 2025 - 26 में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द खरीदी के लिए जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से खरीदी की जा रही है।

वर्तमान में जिले के सभी 7 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से अब तक 743 किसानों से 1873 मीट्रिक टन मूंग का उपार्जन किया जा चुका है। वहीं अब तक 126 किसानों ने 163 मीट्रिक टन उड़द की बिक्री की है।

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूंग के लिए समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रूपये निर्धारित किया गया है। जबकि उड़द का समर्थन मूल्य 7 हजार 400 रूपये है। जो कि बाजार मूल्य से अधिक है। कृषि उपज मंडी सचिव के मुताबिक वर्तमान में उड़द का बाजार भाव करीब 6 हजार 600 रूपये प्रति क्विंटल तथा मूंग का बाजार मूल्य 7 हजार 700 रूपये प्रति क्विंटल है। इसलिए समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द की बिक्री करने पर किसानों को ज्यादा फायदा हो रहा है।

समय-सीमा बैठकों में कलेक्टर ग्रीष्मकालीन मूँग एवं उड़द उपार्जन की सतत समीक्षा कर रहें हैं। उन्होंने कृषि विभाग एवं सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा है कि उपार्जन हेतु पंजीकृत किसानों को प्रोत्साहित करें। साथ ही किसानों से बात कर उपार्जन में आ रही समस्याओं की जानकारी लें एवं इन समस्याओं का समाधान करें। इसके लिये ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की भी सेवायें लें।

कलेक्टर द्वारा मूँग एवं उड़द के उपार्जन हेतु जिले में 7 खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें कटनी तहसील में रूचि वेयर हाउस इन्द्रा नगर रीठी रोड, कटनी नगर में हिन्द एनर्जी एण्ड कोल बे. इंडिया लिमि., स्लीमनाबाद तहसील में भोला राम वेअर हाउस 55, ढीमरखेड़ा तहसील में मंडी प्रांगण पान उमरिया में खरीदी की जा रही है। इसी प्रकार बड़वारा तहसील के शिवरजिया वेअर हाउस 123, तहसील बहोरीबंद में सरस्वती वेअर हाउस 91 नीमखेड़ा व तहसील विजयराघगढ़ में आदर्श समृद्धि वेअर हाउस को निर्धारित किया गया है। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में कोई समस्या उत्पन्न होती है।

### किसानों ने मूंग एवं उड़द उपार्जन कार्य में की जा रही अनियमितताएं

# शिवरजिया वेयर हाउस में खरीदी प्रभारी की मनमानी से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



समीपस्थ शिवरजिया वेयर हाउस धंनगवां लखाखेरा केंद्र क्रमांक 1,123, मूंग,उड़द खरीदी केंद्र में खरीदी प्रभारी लखन पटेल की मनमानी व दबंगई से केंद्र में अपनी मूंग,उड़द की फसल विक्रय करने आने वाले अन्नदाता अपनी उपज की विक्री करने के लिए भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। केंद्र में अपनी उपज को विक्रय करने आये किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की केंद्र प्रभारी लखन पटेल अभद्रता पूर्ण व्यवहार करते हैं।

#### भर्ती में की जा रही गड़बड़ी

केंद्र में मौजूद कृषकों ने बताया कि खरीदी प्रभारी 51 किलो 200 ग्राम की भर्ती (तुलाई) करते हैं और बोरी में 50 किलो की पर्ची लगाते हैं सरे आम अन्नदाता को ठगा जा रहा है। शिवरजिया वेयर हाउस में व्यापारियों व बिचौलियों का वर्चस्व कायम है। खरीदी प्रभारी व्यापारियों से सेटिंग कर व्यापारियों की खराब मूंग,उड़द भी खरीद लेते हैं जबकि किसानों की उपज को खराब बता कर नही खरीद रहे हैं। किसानों द्वारा विरोध किये जाने पर खरीदी प्रभारी लखन पटेल का साफ कहना हैं कि मेरी मर्जी है तुम लोगों को जहां शिकायत करना हो कर दो मेरा कुछ नही करवा सकते हो।

#### एक ही विक्रेता को हर बार खरीदी की जिम्मेदारी

किसानों का कहना है कि लखन पटेल शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता हैं इन्हें विभागीय अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है इनके ऊपर अनेकों बार अनियमितताओं के आरोप लगे हैं इसके बावजूद इनकी अपने विभाग के अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के बीच अच्छी पकड़ होने से हर बार धान , गेहूं, चना , मूंग,उड़द की खरीदी की जिम्मेदारी इन्ही को सौंपी जाती है जबकि समिति में कई अनुभवी विक्रेता हैं उन्हें खरीदी का प्रभार नही दिया जाता।

बगैर आधार कार्ड एवम पंजीयन के व्यापारी खरीदी केंद्र में मूंग,उड़द विक्रय करने आते हैं इनकी भी जांच कर इनके ऊपर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। खरीदी केंद्र में व्यापारियों का जमावड़ा देखा जा सकता है।

### खेत की जुताई के दौरान ट्रेक्टर पलटा, दबने से किसान की मौत



बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कल्हैया खुर्द मे बुधवार की दोपहर हृदय विदारक घटना घटित हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की दोपहर ग्राम कल्हैया खुर्द निवासी महावीर सिंह गाँव के ही रामबाई आनंदी बाई के खेत मे टैक्टर से रोपा कार्य के लिए जुताई कार्य कर रहा था उसी दौरान टैक्टर पलट गया जिससे चालक महावीर सिंह दब गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को लगी तो वें खेत पहुंचें जहाँ ग्रामीणों की सहायता से मृतक को बाहर निकाला गया ओर बहोरीबंद पुलिस को जानकारी दी गई। घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए पीएम के लिए बहोरीबंद भेजा। थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा का कहना था मृतक के चाचा अमर सिंह ठाकुर के द्वारा घटना की जानकारी दी गई जिसमें टैक्टर क्रमांक mp20ab 5471 जिससे कृषि कार्य किया जा रहा था। मर्ग क़ायम कर मामले की जाँच की जा रही है।

# कार्यवाही के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



युवा कांग्रेस ने बुधवार को एसपी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस बड़वारा विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने पुलिस कार्रवाई को नियम खिलाफ बताया। युवा कांग्रेस का आरोप है कि पुलिस सत्ताधारी दल के दबाव में काम कर रही है। मंगलवार को विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के भैंसवाही गांव में जल भराव की समस्या के विरोध में प्रदर्शन करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन का हवाला देते हुए धारा 151 के तहत कार्रवाई की एवं जेल भेज दिया। मंगलवार को स्थानीय ग्रामीण और छात्र, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खराब सड़क को लेकर चक्का जाम किया था। पुलिस ने दिलीप कुमार पांडे, मनमोहन चक्रवर्ती, तालीम बर्मन, पवन कुमार बर्मन, संदीप कुशवाह, अमित साहू और राजन साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

ज्ञापन सौंपने आए अजय खटीक ने कहा कि भैंसवाही में कार्यकर्ताओं पर झूठा केस दर्ज किया गया। युवा कांग्रेस ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एएसपी संतोष कुमार डेहरिया ने बताया कि यह बात सही कि एक दिन पहले विजयराघवगढ़ थाने में 7 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई थी। पुलिस के लाठी चार्ज करने या मारपीट करने का आरोप निराधार है। ज्ञापन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कराई जाएगी।

### किसानों को जरूरत के अनुसार पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद

# जिले के लिए नीम कोटेड 660 मीट्रिक टन यूरिया की रैक झुकेही पाइंट में आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक बुधवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों से कटनी जिले के लिए 660 मीट्रिक टन यूरिया की रैक आ गई है। नीम कोटेड यूरिया उर्वरक की रैक झुकेही रैक पाइंट पर लग गई है। जहां से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है।

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 220 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी को 60 मीट्रिक टन, सीएमएस उमरियापान- ढीमरखेड़ा को 60 मीट्रिक टन, सीएमएस रीठी को 30 मीट्रिक टन एवं सीएमएस बड़वारा को 30 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जबकि एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220071 पर दे सकते हैं।

### विभागीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को नही कोई सरोकार

# डाक्टर न स्टाफ, राम भरोसे तेवरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद




ग्रामीण अंचलों मैं मरीजो को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा ग्रामीण अंचल में उप, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जा रहे है लेकिन स्वास्थ्य केंद्रों मैं चिकित्सकीय अमला न होने से मरीजो को स्वास्थ्य लाभ नही मिल रहा है जिससे स्वास्थ्य केंद्र शोभा की सुपारी बने हुए है।

ऐसी ही स्थिति बहोरीबंद विकासखण्ड अंतर्गत तेवरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की है जिसके आश्रित क्षेत्र के दर्जनो गांव के लोग है लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैं डॉक्टरों की कमी से दर्जनो गाँवो के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ नही मिल रहा है जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महज शोपीस बना हुआ है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक डॉक्टर थे लेकिन दो महीने पहले उनका तबादला हो गया जिसके बाद से अब तक डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई जिस कारण मरीजों का इलाज झोलाछाप डॉक्टरो के भरोसे है। जानकारी के बाद भी अधिकारी और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।

पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से भगवान भरोसे ही चल रही है। लोगों को अस्पताल में डॉक्टर तो मिलते नहीं हैं जिससे उन्हें मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराना पड़ रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

#### डॉक्टरों सहित स्टाफ के अनेक पद पड़े खाली

जानकारी के तहत प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेवरी मैं डॉक्टर सहित विशेषज्ञ, वार्ड वाय, लैब टेक्नीशियन व लैब अटेंडेंट के पद खाली है।इन पदों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में बीएमओ बहोरीबंद डॉ आनंद अहिरवार ने बताया कि यह बात सही है कि तेवरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैं डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य अमले की कमी है। रिक्त पड़े पदों की पूर्ति के लिए विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी गई है लेकिन अभी तक रिक्त पदों की पूर्ति नही हुई जिस कारण स्लीमनाबाद चिकित्सा अधिकारी को सप्ताह मे दो दिवस तेवरी स्वास्थ्य केंद्र मे सेवाएं देने की वैकल्पिक व्यवस्था की गईं है।

# आदतन अपराधी को 3 माह तक थाना में उपस्थित होने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने एयरटेल टॉवर के पास आधारकाप निवासी सूजल प्रजापति उर्फ राज पिता ओमप्रकाश प्रजापति उम्र 21 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना कोतवाली कटनी में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। सूजल के विरूद्ध वर्ष 2023 से अब तक की अल्प अवधि में ही 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज किये जा चुके हैं। जिनमें आमजन से अवैध रूप से पैसों की मांग करना, गाली-गलौज करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, अवैध रूप से चाकू रखना, अवैध शराब रखना जैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा सूजल के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

सूजल द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए 3 माह तक कोतवाली में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### 30 अतिक्रमणकारियों को जारी किया गया नोटिस

**कटनी।** नागरिकों की सुगम आवागमन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा सब्जी मंडी बिलैया तलैया मार्ग के 30 लोगों द्वारा रोड़ एवं नालियों के उपर अतिक्रमण पाए जाने पर 7 दिवस में अतिक्रमण हटानें हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। जारी सूचना पत्र में विगत दिवस मंगलवार को नगर के अधिकारियों द्वारा सब्जी मंडी बिलैया तलैया मार्ग का निरीक्षण किया गया था इस दौरान 30 लोगों द्वारा सार्वजनिक मार्ग एवं नाली में अतिक्रमण करने पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 322 का उल्लंघन पाए जाने का लेख किया जाकर 30 दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए 7 दिवस के अंदर अतिक्रमण हटाते हुए पालन प्रतिवेदन से निगम को अवगत कराने हेतु सूचित किया गया है । निर्धारित समयावधि अपना पक्ष प्रस्तुत न करने पर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाते हुए क्षतिपूर्ति वसूली की कार्यवाही करते हुए अधिनियम के प्रावधान अनुसार न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञातव्य हो कि नागरिकों को शहर के मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों में आने-जाने वाले नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

### लापता किशोर की रेलखंड में मिली लाश

**कटनी।** कटनी-सतना रेलखंड के अमदरा स्टेशन के समीप से एक किशोर की लाश मिली। कयास लगाये जा रहे हैं कि किशोर चलती ट्रेन से नीचे गिर जिस कारण उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार माधवनगर की एडीएम लाइन निवासी लक्ष्य नामक किशोर जो कि कक्षा 10वीं का छात्र था। वह दो दिनों से घर में बिना बताए लापता था। उसकी लाश सतना-कटनी रेलखंड के अमदरा स्टेशन के समीप से बरामद की गई है। बताया जाता है कि लापता के दौरान लक्ष्य किसी ट्रेन के दरवाजे में बैठकर यात्रा करते समय नींद के झोंके में चलती ट्रेन से नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### 1 अगस्त से प्रशिक्षण का नया सत्र प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वगीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो राज्य2 शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार 26 फरवरी 2015 के अनुसार अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं नियमित सेवा अवधि एक वर्ष पूर्ण कर ली हो, 25 जुलाई शाम 5 बजे आवेदन कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण 15 अक्टूबवर तक चलेगा। यह प्रशिक्षण म.प्र. शासन के समस्त विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये निःशुल्क है। जबकि अर्धशासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय आदि के कर्मचारियों को म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क 2 हजार रूपये का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

### खदान में उतराती मिली किशोरी की लाश

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कैलवारा खुर्द के गडारी मोहल्ला के नज़दीक मुरुम खदान में एक किशोरी की लाश पानी में उतराती मिली। पुलिस के अनुसार रोशनी चक्रवर्ती 15 वर्ष स्थाई पता सभागंज पथरहटा की मूल निवासी जो कि ग्राम कैलवारा खुर्द 20 जुलाई रविवार को सुबह 4:30 बजे घर से शौच क्रिया के लिए निकली थी। वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार दोपहर युवती की खदान में उतराती लाश मिली जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने ग्रामवासियों की मदद से खदान से शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा, मामले को जांच में लिया है।

---

**पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर के थाना क्षेत्रों में चलाया जा रहा अभियान**

# नशे में वाहन चलाना पड़ गया महंगा 15 चालकों पर डेढ़ लाख रूपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। एसपी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया मार्गदर्शन में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की गई है।

रात्रिकालीन विशेष चेकिंग अभियान के तहत सोमवार एवं मंगलवार की रात्रि 10 से 12 बजे तक कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते हुए कुल 15 वाहन चालकों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध थाना यातायात कटनी में मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय द्वारा इन वाहन चालकों पर कुल एक लाख पचास हजार पांच सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया। संबंधित वाहनों को सुपुर्दनामे पर रिहा करने के आदेश दिए गए।



पुलिस द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं। यह आपकी, आपके परिवार और समाज की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

#### इन चालकों के विरुद्ध हुई चालानी कार्यवाही

| | |
|---|---|
| बोलेरो | MP-21-CB-1299 |
| स्कूटी | MP-21-ZD-8869 |
| बुलेट | – |
| थार | MP-13-ZS-3590 |
| कार | MP-21-CB-0569 |
| बाइक | MP-21-ZC-8864 |
| लोडर | MP-20-ZX-1631 |
| बाइक | MP-21-MR-7681 |
| पिकअप | MP-20-GB-3746 |
| ट्रक | MH-40-CD-5173 |
| ट्रक | MP-19-HA-4028 |
| बाइक | MP-20-NL-4340 |
| ऑटो | MP-21-R-4968 |
| बुलेट | MP-21-ZA-6526 |

#### स्कूली वाहनों की जांच

एसपी के निर्देशन तथा एएसपी डॉ संतोष डेहरिया एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस एवं आर.टी.ओ. टीम द्वारा संयुक्त रूप से बिलहरी नाका क्षेत्र में स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस विशेष अभियान के तहत कुल 25 से 30 स्कूली वाहनों की जांच की गई, जिसमें से 10 वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। इनके विरुद्ध बिना बीमा, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र, बिना परमिट आदि मामलों में वैधानिक प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की गई।

---

# 11.24 लाख से अधिक समग्र ई केवाईसी का कार्य हुआ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 24 हजार 987 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 73.06 फीसदी है।

#### जनपद पंचायत कटनी अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत कटनी जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 34 हजार 988 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 55 हजार 9 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है।

इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में अब तक 1 लाख 86 हजार 442, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 7 हजार 709 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ मे 1 लाख 67 हजार 243 और नगर परिषद कैमोर में 13 हजार 30 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 13 हजार 793, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 60 हजार 224, नगर परिषद बरही में 12 हजार 350 एवं जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 74 हजार 199 ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है।

**कलेक्टर द्वारा ई-केवाईसी कार्य की की जा रही समीक्षा**

#### ऐसे कर सकते हैं प्रक्रिया

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

---

**स्कूल आने एवं जाने में अब छात्राओं को नहीं होगी कोई परेशानी**

# कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक ने किया साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान में 102 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह थे, जिन्होंने न केवल छात्राओं को साइकिल सौंपीं, बल्कि शिक्षा के महत्व पर भी सारगर्भित वक्तव्य दिया। उन्होंने बालिकाओं को संदेश देते हुए कहा कि बालिकाओं को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता, जब सरकार, समाज और परिवार तीनों उनके साथ हों। यह साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला कदम है।

जनपद अध्यक्ष सुनीता दुबे भी इस आयोजन में विशेष रूप से



उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे बेटियाँ आत्मनिर्भर बन सकती हैं, अपने अधिकारों को समझ सकती हैं और समाज को दिशा देने वाली बन सकती हैं। बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, आवश्यकता है तो उन्हें सहयोग, प्रोत्साहन और सुविधाएं देने की। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जनपद स्तर पर जितनी भी योजनाएं बालिकाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु चल रही हैं, उनका क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता के साथ होगा और प्रत्येक पात्र छात्रा तक लाभ पहुँचाया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी समस्या यह रही है कि विद्यालयों की दूरी के कारण अनेक बालिकाएं पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती हैं। साइकिल वितरण योजना इस समस्या का सीधा समाधान प्रस्तुत करती है। अब छात्राओं को लंबी दूरी पैदल तय नहीं करनी पड़ेगी, जिससे समय की बचत होगी, थकावट से मुक्ति मिलेगी, पढ़ाई में नियमितता बनी रहेगी, बालिकाओं की उपस्थिति में वृद्धि होगी, बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकों, पालकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं वास्तव में समाज को प्रगति की ओर ले जाने में सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि पहले कई बालिकाएं समय पर विद्यालय नहीं पहुँच पाती थीं, कुछ तो मौसम या दूरी के कारण अनुपस्थित रहती थीं। लेकिन अब साइकिल मिलने से बालिकाओं का उत्साह चरम पर है।

---

## नशेड़ियों को शराब पिलाये जाने पर पर 5 व्यक्तियों को पकड़ा



पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत माधव नगर पुलिस ने नशेड़ियों के विरुद्ध कार्यवाही की ह। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि आम नागरिकों से सूचनाएँ मिल रही थी कि शराब दुकान के आसपास शराबियों का जमघट लगा रहता है और कुछ लोग शराबियों को सारी सुविधाएं मुहैया कराते हैं। सउनि रामनरेश मिश्रा एवं प्र.आर. अविनाश मिश्रा द्वारा स्टाफ की मदद से शराब दुकान के आस पास दबिश दी गई। दबिश पर 5 व्यक्तियों द्वारा शराब पिलाते हुए पाए जाने पर आरोपी दिनेश जय सिंघानी 30 साल निवासी बंगला लाइन, नरेन्द्र जयसवाल 54 साल निवासी मदनमोहनचौबे वार्ड रंगनाथनगर, करन केवट 22 साल निवासी अमीरगंज, निखिल केवट 25 साल निवासी अमीरगंज एवं प्रथण चक्रवर्ती 20 साल निवासी कुम्हार मोहल्ला के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक चौबे, सउनि राम नरेश मिश्रा, प्र.आर. अविनाश मिश्रा, आर. पिन्टू की सराहनीय भूमिका रही।

---

# चकाजाम प्रदर्शन करने पर 7 को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसवाही में स्कूल के सामने जलभराव की समस्या को लेकर चक्का जाम प्रदर्शन के मामले में 7 के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। ग्राम भैंसवाही स्थित शासकीय स्कूल के सामने से होकर गुजरने वाली पक्की सड़क में बरसात के समय पानी भरा रहता है। इस बात को लेकर कुछ स्थानीय युवाओं ने स्कूली बच्चों को साथ लेकर स्कूल के सामने से होकर जाने वाले रास्ते को दो जगह से झाड़ियां, लकड़ी और रस्सी लगाकर पूरी तरह बंद कर दिया। रास्ता बंद किए जाने के कारण इस मार्ग से होकर गुजरने वाली महिलाओं, बच्चों एवं बीमार लोगों सहित अन्य ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार मोटर लगाकर कुछ युवाओं ने सड़क पर पानी भर दिया और बुधवार को स्कूली बच्चों को उकसाते हुए उन्हें साथ लेकर प्रदर्शन की आड़ में उपद्रव मचाना शुरू कर दिया। कई घंटे तक रास्ता बंद रहने के कारण वहां पहुंची विजयराघवगढ़ पुलिस ने जब उन्हें समझा बुझाकर किसी तरह मामले को शांत कराने का प्रयास किया और जब प्रदर्शन कर रहे युवा रास्ता खोलने को तैयार नहीं हुए और बेवजह की जिद लेकर बैठे रहे तो पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए आधा दर्जन से अधिक युवाओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब सख्त रुख अपनाया तो प्रदर्शन छोड़ वहां से भाग खड़े हुए।

पुलिस ने ग्राम भैंसवाही निवासी 35 वर्षीय दिलीप कुमार पाण्डेय उर्फ राजा पाण्डेय पिता राजकुमार पाण्डेय, 21 वर्षीय मनमोहन चक्रवर्ती पिता सोहनलाल चक्रवर्ती, 25 वर्षीय तालिम बर्मन उर्फ मिथुन पिता राजेश बर्मन, 19 वर्षीय पवन कुमार बर्मन पिता अशोक बर्मन, 18 वर्षीय संदीप कुशवाहा पिता बलीराम कुशवाहा, 19 वर्षीय अमित साहू पिता राजकुमार साहू एवं 19 वर्षीय राजन साहू पिता रामकृपाल साहू के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने कहा कि स्कूल के सामने पानी भरा होने की बात को लेकर कुछ युवा स्कूली बच्चों के साथ दो तरफ से रास्ता बंद करके प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें काफी समझाया भी, यहां तक यह भी कहा गया कि जो भी समस्या है उसे दूर करने के लिए तत्काल फीलिंग का कार्य पुलिस खुद करवा देगी। मगर युवा उपद्र मचाते रहे और अव्यवस्था उत्पन्न करते रहे। लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए सात लोगों के खिलाफ धारा 155 के तहत कार्यवाही की गई है।

---

**अवैध रूप से उर्वरक बेचने वालों पर कार्यवाही के दिए गए हैं निर्देश**

# बिना प्राधिकार पत्र के उर्वरक बेचने पर विक्रेता के विरूद्ध दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, अवैध परिवहन पर कठोर कार्रवाई के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा कृषि अधिकारियों को दिये निर्देश के पालन में अवैध रूप से उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध बरही थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कलेक्टर श्री यादव के किसानों से संबंधित खाद, बीज के मामले में लापरवाही नहीं बरतने के दिये सख्त निर्देश की वजह से बिना प्राधिकार पत्र के उर्वरक का क्रय-विक्रय एवं भंडारण करने पर हथेड़ा बरही निवासी रामप्रसाद साहू के विरूद्ध बरही पुलिस थाना खितौली चौकी में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 एवं 7 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर विकासखंड बड़वारा के उर्वरक निरीक्षक जे एस टेकाम द्वारा प्राप्त आवेदन के बाद की गई है।

उर्वरक निरीक्षक जे एस टेकाम द्वारा निरीक्षण के दौरान रामप्रसाद साहू के दो-मंजिला गोडाउन में बिना उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र के 6 बोरी एपीसी अमोनिया फोस्फेट सल्फेट, 2 बोरी यूरिया इफ्को, 6 बोरी डीएपी इफ्को, 2 बोरी एमओपी श्री गणेश फर्टिलाइजर लिमिटेड, 7 बोरी टीएसपी सीताकांडी विनेस सेंटर अन्ना सफाई चेन्नई, 2 बोरी एसएसपी अन्नदाता, 9 पैकेट एनएफएल बेंटोनाइट सल्फर (5 किग्रा पैकिंग), 6 पैकेट बिरला बलवान सल्फर (5 किग्रा पैकिंग) कुल 40 नग का अवैध भंडारण एवं विक्रय करना पाया गया।

#### दो उर्वरक विक्रय संचालकों को शोकाज नोटिस जारी

अमानक खाद, बीज विक्रेताओं और दर सूची, स्कंध की उपलब्धता आदि का बोर्ड नहीं लगाये जाने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में नियमों का उल्लंघन करने पर बरही तहसील के दो उर्वरक विक्रय संस्थानों द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के उल्लंघन करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। यह कार्यवाही उर्वरक गुण नियंत्रण निरीक्षण दल द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री मनीष मिश्रा ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निरीक्षण दल द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान बरही स्थित मेसर्स मंजा बीज भंडार (दुर्गाशरण कचेर) एवं मेसर्स खेतीबाड़ी बीज भंडार (जमुना प्रसाद साहू) के द्वारा मूल्य सूची, स्कंध एवं विक्रय दर का बोर्ड नहीं पाया गया जो कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 4 का उल्लंघन है। इसी प्रकार इन संस्थानों द्वारा निर्धारित अभिलेखों का संधारण न करना तथा समय प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। जो कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 35 का उल्लंघन है। दोंनों विक्रय संस्थानों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये 3 दिवस के भीतर उर्वरक निरीक्षक की अनुशंसा सहित स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

---

**किसानों को व्यवस्थित ढंग से उर्वरक उपलब्ध कराना हो सुनिश्चित**

# अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में पुख्ता सूचना तंत्र विकसित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में जान-माल की हानि न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए समय रहते सूचना-तंत्र की पुख्ता व्यवस्था की जाए। राज्य शासन जनसामान्य की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है। बाढ़ उन्मुख नदियों के लेवल पर लगातार निगरानी रखी जाए, बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का पूर्व आंकलन कर राहत कैम्प की तैयारी रखें। आवश्यकता होने पर अस्थाई राहत शिविर लगाकर आवास और भोजन उपलब्ध कराया जाए। इन कार्यों में आवश्यकता होने पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री प्रदेश में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की मंत्रालय में समीक्षा कर रहे थे।



कटनी के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एन आई सी कक्ष से कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल जुड़े रहे। इसके अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत,अपर कलेक्टर साधना परस्ते,उप संचालक कृषि मनीष मिश्रा व निगमायुक्त नीलेश दुबे सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी कटनी से वर्चुअली जुड़े रहे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बैठक में निर्देशित किया कि प्रदेश में किसानों के लिए उर्वरक की कमी नहीं होने दें। सभी जिलों में उर्वरक की आपूर्ति का समुचित प्रबंधन करें। उर्वरक एवं खाद की कालाबाजारी करने वालों पर एफआईआर दर्ज करायें। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग को प्रोत्साहित करें। कृषि एवं उससे जुड़े अधिकारी किसानों के सतत सम्पर्क में रहें। खाद विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से जांच की जाये।

बाढ़ आपदा प्रबंधन की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भारी वर्षा होने संबंधी सूचनाओं को आम जन तक समय रहते पहुंचाया जाये। बांधों से पानी छोड़ने की स्थिति में प्रभावित होने वाले जिले को समय पर सूचित करें। अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति में बचाव एवं राहत के लिए तत्परता से उपाय करें। प्रभावित होने वाले लोगों के ऊंचे स्थान पर ठहराने के लिए केंप लगाने एवं उनके भोजन आदि का प्रबंधक करने कहा गया। प्रभावित व्यक्तियों के लिए आरबीसी 6-4 की राशि का उपयोग करें। प्राकृतिक आपदा में मकान क्षति एवं जन हानि के प्रकरणों में राहत राशि का तत्परता के साथ वितरण करने कहा गया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि बाढ़ एवं अति वृष्टि के समय कोई भी व्यक्ति अकाल मौत न मरें इसका प्रबंधन किया जाये। बाढ़ या अन्य स्थिति में लोगों के फंसे होने पर एसडीईआरएफ की टीम तत्परता के साथ मौके पर बचाव उपकरणों के साथ पहुंचना चाहिए। आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों के दौरान मूर्तियों के विर्सजन के दौरान अनहोनी घटना को रोकने के लिए पहले से ही सतर्कता एवं सावधानी के उपाय करने कहा गया। वर्षा के दिनों में करेंट लगने से होने वाली मौतों को रोकने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि खुले में बिजली के तार न रहने दें और तार आदि टूटे हों तो तत्काल सुरक्षा के उपाय करें।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जिला स्तर पर 20 लोगों की विकास समिति बनाई जाये। इसमें अच्छे डाक्टर,किसान समाज सेवी एवं अन्य प्रतिष्ठित लोगों को शामिल किया जाये। यह समिति समय समय पर अपने सुझाव दे सकेगी,जिससे आम जन को राहत एवं सुविधा हो। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर जो कुछ भी बाढ़ राहत एवं बचाव के कार्य किये जाते हैं उनका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये।

---

# शहर को स्वच्छ बनाये रखने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने के उद्देश्य के निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम के सफाई मित्रों द्वारा रोजाना प्रातः कालीन एवं रात्री कालीन दो शिफ्ट में की जानें वाली सफाई व्यवस्था के अंतर्गत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक मार्गो, बाजार क्षेत्रों, डिवाईडर सहित अन्य स्थलों के सफाई कार्य के साथ ही नगर के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है जिससे सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जा सके।

नगर में दो पालियों में की जा रही सफाई व्यवस्था के तहत विगत रात्रि बस स्टेंड यात्री प्रतिक्षालय, ऑटो स्टेंड लाइन , मैकेनिक लाइन, स्टेशन रोड, सुभाष चैक, गोल बाजार, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार सहित अन्य स्थलों में झाडू लगाकर गार्बेज बैग में कचरे के उठाव का कार्य किया गया। वहीं प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न सार्वजनिक मार्गो, मुख्य रोड के डिवाईडर, कटनी नदी पुल, नदीपार स्थित स्थित मुक्तिधाम परिसर व डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड स्थित मुकितधाम परिसर सहित अन्य स्थलों की सफाई कराई जाकर डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर सार्वजनिक मार्गो को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए। नाले-नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किए गए।

#### सहयोग करें नागरिक

निगमायुक्त ने सभी नगर वासियों से घर एवं ऑफिस से निकलने वाले कचरे को रोड में न फेंकने, गीले एवं सूखे कचरे हेतु डस्टबिन का उपयोग करते हुए कटनी शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी सहभागिता निभानें का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सीईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा आज ग्राम पंचायत रहुनिया एवं सिरस्वाहा में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिपं सीईओ ने रहुनिया के आंगनवाड़ी केन्द्र का अवलोकन कर बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। खेत तालाब के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण भी किया। साथ ही सिरस्वाहा के निर्माणाधीन अटल सुशासन भवन का भ्रमण कर कार्य की गुणवत्ता व अद्यतन प्रगति संबंधी जानकारी ली। इस दौरान परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे।

### 119 किलो मछली जप्त

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों की टीम द्वारा मत्स्य बाजारों में छापामार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में मत्स्य निरीक्षक एच.सी. विश्वकर्मा द्वारा गत दिवस पवई एवं अमानगंज के स्थानीय बाजार में कार्रवाई कर 119 किलो मछली लावारिस हालत में जप्त कर नीलामी की कार्रवाई संपन्न कराई गई। उल्लेखनीय है कि आगामी 15 अगस्त तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू है। बंद ऋतु में मत्स्य विक्रय, विनिमय और परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष के कारावास या 5 हजार रूपए जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने त्यौहारों के दृष्टिगत श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ बुधवार को पन्ना नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वर्तमान श्रावण माह में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों तथा आगामी 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में मंदिर पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीओपी एस.पी.एस. बघेल, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति, थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय ने विभिन्न दिवसों पर श्रद्धालुओं के आवागमन के दृष्टिगत सुलभ दर्शन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस बल की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था व बेहतर आवागमन व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया गया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर को भी विभाग स्तर पर समय पूर्व जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए कहा।

### पुलिस अधीक्षक ने क्यूआर कोड जारी कर करवाई नई व्यवस्था, वरिष्ठ अधिकारियों तक सीधे पहुंचेगी कार्य शैली

**अमानगंज।** आम नागरिकों की सुविधा एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना स्तर पर क्यूआर कोड प्रणाली की शुरुआत की गई। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा औपचारिक रूप से क्यूआर कोड जारी किया गया। जिससे आमजन सीधे अपने मोबाइल से स्कैन कर पुलिस थाना में पुलिस द्वारा कैसा बर्ताव रहा आप संतुष्ट हैं या असंतुष्ट हैं जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। इस पहल से पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित होगी। इस पर थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी इस नई प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु तैयार किए गए हैं।

प्रदेश की पांच आईटीआई है शामिल

# शासन ने तेंदूखेड़ा आईटीआई को 15 वर्ष की लीज पर एनजीओ को दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर में वर्षो से संचालित आई टी आई केंद्र जो करीब 25 वर्ष पूर्व स्वर्गीय रत्नेश सालोमन पूर्व मंत्री के प्रयास से शुरू हुआ था जिसमें वेल्डर और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड संचालित थे जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों छात्र छात्राएं पढ़कर निकले और शासकीय सेवाओं के साथ निजी कार्य कर अपना जीवन सुखमय जी रहे है। वर्तमान में भी एक सैकडा से अधिक छात्र आई टी आई में अध्ययनरत थे अचानक आई टी आई बंद होने से उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है ऐसा लोगों का कहना है।

### पहले निजी भवन में थी संचालित

नगर में स्थित आई टी आई पूर्व में तारादेही रोड पर वार्ड नंबर ग्यारह में चौरई के पास स्थित थी। पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी ने छात्रों की समस्या और जगह की कमी को देखते हुए अपने प्रयास से शासन से बिल्डिंग मंजूर करवाई थी। जो विगत आठ वर्ष पूर्व बनकर बम्हौरी पाँजी मै तैयार हुई थी और उसमें आई टी आई संचालित हो रही थी अब अचानक बंद कर दी गई है जिससे नगर सहित आसपास के ग्रामीणों के युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। पिछले वर्ष नवंबर माह में पत्र विभाग को भेजकर प्रदेश के 5 आईटीआई के संचालन की अनुमति मांगी थी। इनमें तेंदूखेड़ा आईटीआई भी शामिल है। विभाग ने 30 नवंबर को इन संस्थाओं को 15 वर्षों के लिए फाउंडेशन को सौंपने की मंजूरी दी। इनमें आईटीआई कॉलेज दमोह जिले की तेंदूखेड़ा के साथ ही ब मंडला जिले की बिछिया जिला मंडला, बड़वानी जिले के सेंधवा , देवास के हाटपिपलिया, अलीराजपुर का सोंडवा संस्थाओं का संचालन सितंबर से परम फाउंडेशन करेगा। तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

वर्तमान प्रवेश वर्ष से इन आईटीआई में प्रवेश संचालनालय के माध्यम से नहीं होगा। वर्ष 2023 में दो वर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिल प्रशिक्षणार्थियों और वर्ष 2024 में एक वर्षीय पाठ्यक्रम में दाखिल प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण सत्र समाप्ति तक यथावत चलेगा। अन्य आईटीआई में भेजी जाएगी मशीनरी, उपकरण और फर्नीचर संबंधित आईटीआई में उपलब्ध मशीनरी, औजार, उपकरण, फर्नीचर और अन्य सामग्री का स्थानांतरण भी अन्य आईटीआई में किया जाएगा। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण भी शामिल है। मशीन, उपकरण, फर्नीचर आदि से जुड़े सभी दस्तावेजों का संधारण संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय और जिला नोडल आईटीआई के प्राचार्य करेंगे। यह कार्य संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय और संयुक्त संचालक स्थापना द्वारा किया जाएगा। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह कार्य समय-सीमा में पूरा कर संचालनालय को सूचित करें। ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र से परम फाउंडेशन के माध्यम से संचालन शुरू किया जा सके।

### इनका कहना है

इस संबंध में आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य के के पटेल ने बताया कि शासन ने इसे 15 वर्ष के लिए एनजीओ को लीज पर दे दिया है। प्रदेश की पांच आईटीआई इसमें सम्मिलित है। जिसमें तेंदूखेड़ा की आईटीआई भी शामिल है। हम लोग जो कार्य कर रहे थे वही परम फाउंडेशन के कर्मचारियों द्वारा होगा पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण ऐसा हुआ है। परम फाउंडेशन एक बड़ा एनजीओ है जो आईआईटी वाले हैं। वह यहां पर ट्रेनिंग के साथ रिप्लेसमेंट देंगे यदि वह इसे नहीं चला पाएंगे तो पुनः आईटीआई शुरू हो जाएगी सितंबर में यह एनजीओ को हैंडोवर हो जाएगी।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में 23 जुलाई को एनएसएस के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी.पी चौधरी जी के संरक्षण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भारती चौरसिया एवं समिति सदस्य जया अहिरवार , प्रणव मिश्रा, डॉ. शिरीन खान, डॉ. उमेश दीपांकर, अनुभा सोंधिया के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन.पी नायक, डॉ रेखा जैन , डॉ. अवधेश जैन, डॉ. डी.के नेमा, डॉ. मालती नायक, एवं समस्त प्राध्यापक, सहायक प्रध्यापक और समस्त कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

## सावन में पार्थिव शिवलिंग की पूजा से मिट जाते हैं कई जन्मों के पाप





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार में पार्थिव शिवलिंग निर्माण रूद्रमहाभिषेक के दौरान पंडित ऋषिकांत गर्ग जी ने बताया कि सावन माह में पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है। पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से न केवल समृद्धि मिलती है, बल्कि अकाल मृत्यु का दोष भी मिटता है।सावन में भगवान शिव आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं और मनचाही मनोकामनाएं पूरी करते हैं। पार्थिव शिवलिंग की पूजा से धन-धान्य, आरोग्य, अकाल मृत्यु से बचाव और पुत्र की प्राप्ति होती है। भगवान श्री राम ने लंका पर कूच करने से पहले भगवान शिव की पार्थिव पूजा की थी। कलियुग में भगवान शिव की पार्थिव पूजा कुष्मांड ऋषि के पुत्र मंडप ने की थी और शनिदेव ने अपने पिता सूर्यदेव से अधिक शक्ति पाने के लिए काशी में मिट्टी का ही शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा की थी। इस अवसर पर पार्थिव शिवलिंग की जल विहार भव्य शोभायात्रा निकाली गई और बनवार के बड़े घाट ब्यारमा नदी में पूजा अर्चना के बाद शिवलिंग का विसर्जन किया गया।

## साइकिल वितरण योजना से बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कूल बटियागढ़ में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा करना कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री लखन पटेल के भाई अशोक पटेल एवं भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल कुशवाहा, माडल स्कूल प्राचार्य अर्जुन पटेल एवं समस्त स्कूल स्टाफ सहित जनपद सदस्य कमल मिश्रा, गोपाल प्रजापति और रूपेन्द्र सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री के भाई अशोक पटेल ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया तथा साइकिल को सावधानी पूर्वक चलाने तथा स्कूल के नियत समय पहुंचने हेतु साइकिल के महत्व के बारे में बताया। मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल ने भी इस अवसर पर बच्चों को पढ़ाई में अच्छी मेहनत करने तथा आने वाले समय में साइकिल के साथ-साथ 12वीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर स्कूटी एवं लैपटॉप के बारे में भी बताया। छात्र-छात्राओं को साइकिल मिलने पर उनके चेहरे खिलखिला उठे। कार्यक्रम गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार माडल स्कूल प्राचार्य अर्जुन पटेल ने किया।

## पवन राय का ब्रेन हेमरेज से निधन

**बटियागढ़।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेवी मुकेश राय के छोटे भाई पवन राय का नागपुर में निधन हो गया। उनकी



उम्र 42 वर्ष थी। ब्रेन हेमरेज के कारण पवन राय के असमय निधन से नगर में शोक की लहर है। शनिवार दोपहर 11 बजे बटियागढ़ मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, व्यापारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने नम आंखों से विदाई दी। शोकाकुल समस्त राय परिवार को लोगो ने ढाढास बंधाया।

## शासन की योजनाओं में प्रगति लाये, राजस्व निरीक्षकों की बैठक आयोजित



दमोह।

*शासन के निर्देशानुसार किसानों से संबंधित हितग्राही मूलक योजनाओ के क्रियान्वन करने के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में अधीक्षक भू-अभिलेख वर्षा दुबे ने जिले के समस्त राजस्व निरीक्षकों की बैठक आयोजित कर इसमें सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्हें शीघ्र ही शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्रेशन, पीएम किसान, सी.एम किसान, सीमांकन, डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वेक्षण, पटवारी ए.सी.आर, पटवारी डिजिटल शीट सहित अन्य योजना की बिंदु बार समीक्षा करते हुए उन पर शत प्रतिशत कार्य करने हेतु निदेशित किया। अधीक्षक भू-अभिलेख दुबे ने राजस्व निरीक्षकों से कहां की पटवारी से इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सक्रियता के साथ कार्य कराये एवं इसमें जो भी तकनीकी परेशानियां आ रही हूं उन्हें तत्काल अवगत कराया जाए। इस अवसर पर जिले की समस्त तहसीलों के राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति रही।*

## स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान की जिले में हुई प्रभावी शुरूआत

**दमोह।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का आज प्रभावशाली शुभारंभ जिला स्तर एवं जिले के सभी विकासखंडों में एक साथ किया गया। जिला स्तर पर जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य अधिकारियों एवं समुदाय की गरिमामयी उपस्थिति में अभियान की शुरूआत की गई। शहरी क्षेत्र दमोह में स्थानीय पार्षद की उपस्थिति में अभियान की शुरूआत कराई गई। शहरी क्षेत्र दमोह में स्थानीय पार्षद की उपस्थिति में अभियान की शुरूआत की गई। पार्षद सुहाना राय ने आँगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 36 धगट चौराहा एवं पार्षद विनीता राजपूत ने आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 17 दमोह में बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाकर स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान की शुरूआत की गई। जबकि आंगनवाडी केन्द्र 77 वार्ड क्रमांक 27 में वार्ड के जनप्रतिनिधि अमित अग्रवाल द्वारा बच्चे को विटामिन ए सीरप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया।



### अभियान की कराई शुरूआत

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक शाला पहुँचकर संक्षिप्त गरिमामयी माहौल में अभियान की शुरूआत की गई। इस मौके पर प्राचार्य श्रीमति सुलक्षणा हजारी सहित स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा। स्कूल में आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों में एनीमिया की जॉच की गई।

इस अवसर पर डॉ. आर.के. अठया ने सरदार पटेल स्कूल के बच्चों से सीधा संवाद करते हुए बच्चों को उनके शारीरिक विकास में आयरन फोलिक एसिड एवं दस्त प्रबंधन में ओ.आर.एस. एवं जिंक की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रक्त की मात्रा का शरीर के संपूर्ण विकास में अहम योगदान होता है। खून शरीर के प्रत्येक भाग में मस्तिष्क से लेकर नाखून तक जाता है, यदि खून की मात्रा वैज्ञानिक मानकों से कम हो जाने पर इसका सीधा नकारात्मक असर शरीर के मानसिक विकास पर पड़ता है। इससे बचाव के लिए आयरन फोलिक एसिड की एक गोली आप सभी को सामूहिक रूप से खिलाई गई है। आप सभी निरंतर रूप से इसका सेवन हर मंगलवार को करें, इससे शरीर में खून की कमी नहीं होगी। आप परीक्षा में भी बेहतर कर पायेंगे।

### हर दस्त के बाद ओ.आर.एस. का सेवन करें

डॉ. अठया ने बताया कि दस्त से शरीर में अत्याधिक पानी और नमक की कमी हो जाती है। इससे बचाव के लिए हर दस्त के बाद ओ.आर.एस. का घोल का सेवन, जब तक दस्त लगे तब तक करें। साथ ही निरंतर रूप से 14 दिन तक जिंक की गोलियों का सेवन अवश्य करें। इससे शरीर में रोग से लड़ने की क्षमता में बढोत्तरी होती है।

जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी ने विद्यालय के छात्रों को रूचिकर तरीके से ओ.आर.एस. एवं जिंक की गोलियों के सेवन के बारे में समझाईश दी गई। जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर ऋषि राज ने हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और अभियान के संदेशों को आत्मसात किया। इस दौरान स्कूल के समस्त स्टॉफ सहित स्वास्थ्य विभाग से आर.बी.एस.के. एमओ रामेश्वर पटेल, आरती पटेल एवं अभय तिवारी, उमंग क्लीनिक काउंसलर विधि गुप्ता मौजूद रहीं।

डॉ. चौहान ने ऑगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 35 में दस्तक अभियान की कराई शुरूआत

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने शहरी क्षेत्र दमोह के राजेन्द्र प्रसाद वार्ड ऑगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 35 में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान की शुरूआत बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाकर कराई गई। इस दौरान महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत वर्मा, सहायक संचालक महिला बाल विकास संजीव मिश्रा एवं अंतरा फाउण्डेशन के शुभम श्रीवास्तव मौजूद रहे।

सुमेर गांव के आंगनवाडी केन्द्र में दी जा रही सेवाओं का किया निरीक्षण

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चैहान बटियागढ़ के सुमेर गांव में दस्तक अभियान के तहत आंगनवाड़ी में दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एएनएम द्वारा चिन्हित एक कुपोषित बच्चा व दस्त से प्रभावित दो बच्चे पाये गये। दस्त प्रभावित बच्चे को ओ.आर.एस. का घोल पिलाया गया। साथ ही बच्चे के अभिभावक को ओ.आर.एस. का पैकेट एवं जिंक की गोलियों भी दी गई। डॉ. चौहान ने मौके पर ही कुपोषित बच्चे की प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच कर बच्चे को एन.आर.सी. में भर्ती कराने के निर्देश एएनएम को दिये। डॉ.चौहान ने सुमेर गांव का भ्रमण कर 5 साल तक के बच्चों के अभिभावकों से दस्त प्रबंधन में ओ.आर.एस.घोल बनाने के तरीके एवं जिंक की गोली के महत्व के संबंध में समझाईश दी गई। उन्होने भ्रमण दौरान पाया कि ग्राम के 6 बच्चे क्षेत्र से बाहर है।

## मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने परिणाममूलक प्रयास करें- कमिश्नर

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने के लिए परिणाममूलक प्रयास करने के निर्देश सागर संभाग के चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए महिलाओं और बच्चों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी सतत रूप से स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर सागर संभाग श्री सुचारी ने उक्त निर्देश आज स्वास्थ्य सेवाओं की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में एनीमिया स्क्रीनिंग कार्यक्रम, वल्नरेबल पापुलेशन स्क्रीनिंग कार्यक्रम, डायबिटीज स्क्रीनिंग कार्यक्रम, टेली मेडिसिन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के लगभग सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और परिणाममूलक बनाने की नितांत आवश्यकता है। कमिश्नर ने सागर संभाग में काम नहीं करने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं और कर्मचारियों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर को दिए। कमिश्नर सागर संभाग ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को निर्देश दिए कि वह जिलों में जाकर चिकित्सकों की बैठकें लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की सतत समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नागरिकों और ग्रामीणों को मिलना ही चाहिए। यह व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। काम नहीं करने वाले चिकित्सकों और मैदानी कर्मचारियों के विरूद्ध सतत कार्यवाही हो। संभागायुक्त ने टेलीमेडिसन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि टेलीमेडिसन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कराएं। लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए।

## विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण



**दमोह।** नैगम सामाजिक उत्तरदाईत्व के अंतर्गत मायसेम सीमेंट कंपनी की ओर से शैक्षणिक सामग्री का वितरण शासकीय प्राथमिक विद्यालय दोहाव, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय सुहाव एवं प्राथमिक विद्यालय सुहाव कॉलोनी में शिक्षा रत सभी विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर कंपनी की तरफ से अजय खरे, अलोक किशोर तिवारी, अरविन्द कुमार श्रीवास्तवा एवं धर्मेंद्र भदोरिआ इनके अलावा सुहाव सरपंच लक्ष्मण सिंह, एवं शिक्षकगण - गोविन्द सिंह, राग्वेंद्र सिंह, नन्नेभाई सिंह एवं मुरली सिंह उपस्थित रहे।

मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने परिणाम मूलक प्रयास करें, सतत समीक्षा करें- कमिश्नर

## काम नहीं करने वाले चिकित्सकों और मैदानी कर्मचारियों के विरूद्ध करें सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कमिश्नर सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने के लिए परिणाम मूलक प्रयास करने के निर्देश सागर संभाग के चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों को दिए है। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए महिलाओं और बच्चों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए है कि संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खंड चिकित्सा अधिकारी सतत रूप से स्वास्थ्य सेवाएं की समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं।

कमिश्नर सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश आज स्वास्थ्य सेवाओं की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में एनिमिया स्क्रीनिंग कार्यक्रम, बन्नरेबल पोपुलेशन स्क्रीनिंग कार्यक्रम, डायबीटीज स्क्रीनिंग कार्यक्रम टेली मेडिसिन कार्यक्रम प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग के लगभग सभी जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और परिणाम मूलक बनाने की नितांत आवश्यकता है।




कमिश्नर ने सागर संभाग की निवाड़ी, जतारा, बल्देवगढ, टीकमगढ़, पृथ्वीपुर, जबेरा, पटेरा, हिन्डोरिया स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इन स्वास्थ्य केन्द्रों की स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन की स्थिति काफी खराब है। कमिश्नर ने इस स्थिति के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीकमगढ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है वहीं खंड चिकित्सा अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा करते हए खंड चिकित्सा अधिकारियों के विरूध्द भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कमिश्नर ने काम नहीं करने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं और कर्मचारियों के विरूध्द भी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश संयुक्त संचालक स्वास्वस्थ सेवाएं सागर को दिए है।

कमिश्नर सागर संभाग ने संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग को निर्देश दिए है कि वह जिलों में जाकर चिकित्सकों की बैठके लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की सतत समीक्षा करें और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराए। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग के स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नागरिकों और ग्रामीणों को मिलना ही चाहिए। यह व्यवस्था सुनिश्चित करे। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि काम नहीं करने वाले चिकित्सकों मैदानी कर्मचारियों के विरूध्द सतत कार्यवाही करे।

बैठक में टेलीमेडिसन कार्यक्रम समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि टेलीमेडिसन कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कराएं लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। बैठक में कमिश्नर ने एन.आर.सी. सेन्टरों की स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा निर्देशित किया गया कि एन.आर.सी सेंटरों की स्थिति में सुधार करें लोगों को एन.आर.सी सेंटरों में बच्चों को लाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, बैठक में कमिश्नर ने क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि क्षय रोग से समाज को मुक्त करने के लिए सतत कार्य करें। बैठक में कमिश्नर ने अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की।

बैठक में संयुक्त संचालक स्वास्वथ्य सेवाएं सागर संभाग डॉ. नीना गिडियन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. ममता तिमोरे, सागर संभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी एवं मैदानी चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आज से बच्चों को 22 दिन बाद मिलेगा मध्यांन भोजन

### हरिभूमि की खबर को कलेक्टर ने लिया संज्ञान में, जिले से भेजे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर से 2 किलोमीटर स्थित पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला बम्हौरी पाँजी में 21 दिनों से बच्चों को भोजन नहीं मिल रहा है दैनिक हरिभूमि द्वारा राशन की गलफत में पीएम श्री बम्होरी पाँजी विद्यालय में 21 दिनों से मध्यान भोजन बँद खबर प्रकाशित होने के बाद जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मामले को संज्ञान में लेकर टैक्स मैनेजर श्रीमती राखी याग्निक को बुधवार को बम्हौरी पाँजी विद्यालय में भेजा । याग्निक मैडम ने ने सबसे पहले स्कूल में बैठे बच्चों से इस संबंध में जानकारी ली उसके बाद प्राइमरी स्कूल के राधा कृष्ण स्व सहायता समूह एवं माध्यमिक शाला के प्रगति स्व सहायता समूह के संचालकों एवं राशन दुकान के सेल्समैन को बुलाकर दोनों की बातें सुनी एवं दोनों ही लिखित में अपनी शिकायत दर्ज करने की बात की जिसमें समूह वालों का कहना था कि उनको 5- 6 माह से राशन प्राप्त नहीं हुआ है। जिसके कारण उन्होंने मध्यान भोजन 1 जुलाई से बंद किया है। वहीं राशन दुकान के सेल्समैन का कहना है कि उनकी मशीन में राशन घट नहीं रहा है जिससे फिंगर लगने के बाद भी समूह वालों को राशन नहीं दिया हैं। साथ ही राशन दुकान वाले ने बताया कि जून जुलाई का राशन आ गया है। इसके बाद जून जुलाई का राशन दोनों समूहों को राशन दुकान से दिलवाया गया एवं जिले अधिकारी के द्वारा समूह को आश्वासन दिया गया कि की जो राशन उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। वह उन्हें दिलाने का वह प्रयास करेगी। इस संबंध की संपूर्ण रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भी प्रेषित करेगी। साथ ही उन्होंने प्रधान अध्यापक को भी या निर्देश दिए हैं कि अगले माह से राशन आने पर उनके समक्ष दोनों समूह को सेल्समेन द्वारा राशन दिलवाया जाए। साथ ही उन्होंने समूह को भी निर्देश दिए हैं कि वह बच्चों को गुणवत्ता युक्त मीनू अनुसार भोजन प्रदान करे। इस दौरान जन शिक्षक बहादुर सिंह लोधी, प्रधानाध्यापक सीमा दुबे शिक्षक रवि सिह लोधी, मीना नामदेव उपस्थित रही आखिर में बच्चों ने याग्निक मैडम को धन्यबाद दिया।



## नीति आयोग की आकांक्षी परियोजना में दमोह जिले और तेंदूखेड़ा विकासखंड को प्रथम स्थान

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि नीति आयोग भारत सरकार की जो आकांक्षी परियोजना है उसमें दमोह आकांक्षी जिला है और तेंदूखेड़ा आकांक्षी विकासखंड है और जुलाई से सितंबर तक पिछले वर्ष संपूर्णता अभियान चलाया गया था, उस संपूर्णता अभियान में 06 अलग-अलग पैरामीटर्स पर कार्य किया जाना था, जो पैरामीटर्स शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि से संबंधित थे तो सभी 06 इंडीकेटर्स पर 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के कारण न केवल दमोह को आकांक्षी जिले के रूप में बल्कि तेंदूखेड़ा को भी आकांक्षी विकास खंड के रूप में गोल्ड मेडल प्राप्त के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस उपलब्धि के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को बधाई देता हूँ क्योंकि कर्मचारियों, अधिकारियों की मेहनत के फलस्वरूप ही यह स्थिति हमारे यहाँ पर बनी है कि हम सभी 06 इंडिकेटर्स में अव्वल रहे और भविष्य में भी आशा करता हूँ कि इसी तरह कर्मचारीगण, अधिकारीगण काम करके सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जनता को लाभ पहुंचाएंगे। तेदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी ने बताया कि आकांक्षी विकासखंड और आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान वर्ष 2024 में चलाया गया था, जिसमें शासन द्वारा 06 इंडिकेटर दिए गए थे जिनमें कि 100 प्रतिशत सैचुरेशन करना था, चयनित विकासखंडों में तेंदूखेड़ा विकासखंड का नाम भी शामिल है प्रदेश में प्रथम रहा है, जिसमें 06 इंडिकेटर में हमने 100% लक्ष्य हासिल किया है। नीति आयोग के द्वारा चलाए गए संपूर्ण अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने में दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। विदित हो कि नीति आयोग के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, कृषि एवं आजीविका मिशन को लेकर एक विशेष अभियान प्रारंभ किया था। योजना के लिए तय किए गए मानक जिसमें 6-6 पैरामीटर निर्धारित किए गए थे उन सभी में मध्य प्रदेश में सबसे बेहतर कार्य दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड ने किया है। दमोह जिला और तेंदूखेड़ा विकासखंड दोनों ही आकांक्षी जिला और आकांक्षी विकासखंड के अंतर्गत चयनित हैं।

## संदिग्ध हालत में कुएं में मिले मां और मासूम बेटी के शव

**दमोह।** जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर पथरिया थाना अंतर्गत दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है संदिग्ध हालत में मां के साथ मासूम बेटी का सब कुएं में मिला है जबकि मृतिका के पति की भी दो दिन पूर्व संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। कहा जा सकता है कि पति की चिता की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि पत्नी तथा बेटी की भी मौत हो गई। मृतिका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाकर इस दुखद घटनाक्रम को लेकर अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही साफ हो सकेगा कि मामला हत्या का है अथवा आत्महत्या का ? पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सजिया हार बांसाकला के समीप घर के सामने बने कुएं में बुधवार सुबह एक महिला तथा मासूम बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पथरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवो को कुएं से निकलवा कर पंचनामा कार्यवाही करके पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। मृतको की पहचान सीमा पटेल एवं उनकी दो साल की बेटी अंशु के रूप में कई गई है। सीमा के पति नेहाल पटेल की भी दो दिन पूर्व संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। बताया जा रहा है नेहाल की छत से गिरने की बजह से मौत हुई थी। वह छत से स्वयं गिरे थी अथवा गिराया गया था यह फिलहाल पुलिस जांच का विषय था। वही दो दिन बाद उनकी पत्नी तथा बेटी की भी संदिग्ध हालत में मौत होने के बाद शव मिलने से सीमा के मायके वालों को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने ससुराल वालों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। इधर पति की मौत के वियोग में पत्नी ने अपनी मासूम बेटी के साथ यह आत्मघाती कदम उठाया अथवा इनको कुएं में फेंक कर मौत के दिन सुला दिया गया इन दोनों पहेलुओ को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा की उनकी मौत कैसे हुई है। लेकिन इस दुखद दर्दनाक घटनाक्रम ने पटेल परिवार के साथ पूरे गांव में मातम के हालात निर्मित कर दिए हैं।

### खबर संक्षेप

## जिले में 613.5 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 613.5 मि.मी. अर्थात 24.1 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 255.6 मि.मी. अर्थात 10.1 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 357.9 मि.मी. अर्थात 14.0 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा जबेरा में 707.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 702.0 मि.मी., हटा 619.9 मि.मी., जबेरा में 707.0 मि.मी. पथरिया 615.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 540.6 मि.मी, बटियागढ़ 577.0 मि.मी. तथा पटेरा में 533.0 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 2.7 मि.मी. अर्थात 0.1 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 5.0 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 5.2 मि.मी., बटियागढ़ में 9.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

## आपका सरपंच आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** ग्राम बांसा तारखेडा में सरपंच पं. रोहन राजेन्द्र पाठक द्वारा पहली बार एक अनोखी पहल की जा रही है जिसका तृतीय चरण के कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बॉसा तारखेडा के वार्ड 18 में किया गया। जिसमें सरपंच स्वय व अपनी पंचायत की पूरी टीम के साथ लोगो के वार्ड में जाकर उनकी समस्याओं का तुरंत निराकरण करते है गॉवो के लोगो द्वारा उनकी इस पहल कह काफी सराहना की जा रही है।

## जिला अस्पताल में नवजात शिशु की अदला-बदली की आशंका, डीएनए जांच की मांग



**बनवार।** दमोह जिला चिकित्सालय में एक नवजात शिशु के बदलने की आशंका को लेकर हड़कंप मच गया। ग्राम घागरी निवासी श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी की पत्नी श्रीमती गंगाबाई लोधी को प्रसव हेतु 18 जुलाई 2025 को जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। ऑपरेशन के बाद परिजनों को एक नवजात शिशु सौंपा गया, लेकिन परिवार ने शंका व्यक्त की कि शिशु उनका नहीं है। परिजनों ने नवजात शिशु की अदला-बदली की आशंका व्यक्त करते हुए डीएनए जांच की मांग की है। धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सिविल सर्जन को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर डीएनए जांच करवाने की मांग की है, ताकि असली माता-पिता की पहचान सुनिश्चित की जा सके। परिवार का आरोप है कि अस्पताल में शिशु की अदला-बदली हुई है, जिसे वे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मामले में अस्पताल प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। परिवार का कहना है कि यदि अस्पताल प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी समझी होती और शिशु की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए होते, तो शायद यह स्थिति नहीं उत्पन्न होती। अब देखना यह है कि अस्पताल प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और डीएनए जांच के बाद क्या सच सामने आता है। फिलहाल, परिवार और अस्पताल प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य कर रहे मजदूर



**नरसिंहगढ़।** नल जल निगम के अंतर्गत बनने वाली पानी की टंकी का निर्माण कर कर रहे मजदूर जान जोखा में डालकर कार्य कर रहे है । घोघरी केंद्र मार्ग पर जल निगम के अंतर्गत बन रही टंकी निर्माण में बगैर सेफ्टी के मजदूर काम कर रहे हैं। रात के अंधेरे में लगभग 30 से 40 फुट की ऊंचाई पर ढलाई का काम रात्रि में चल रहा जिसमें बड़ी घटना हो सकती है। जब घटनास्थल पर देखा गया तो लगभग 8 से 10 मजदूर पानी की टंकी निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। लगभग 30 से 40 फुट की ऊंचाई पर ढलाई का काम चल रहा है। जब मजदूरों से पूछा गया तो उन्होंने बताया दिन में सीमेंट नहीं था इसलिए रात्रि में काम कर रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए आप हमारे ठेकेदार से बात करो। जब फोन पर ठेकेदार से बात की तो ठेकेदार द्वारा कहा गया की हमारा काम है मजदूरों से काम करवाना। सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी। जब ठेकेदार से पूछा गया किस नाम से यह कार्य चल रहा है तो उन्होंने श्रीजी कंस्ट्रक्शन का नाम बताया और जो मजदूर काम कर रहे थे वह कुछ और नाम बता रहे थे। क्षेत्र टंकी निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन शासकीय अमले के द्वारा सेफ्टी को लेकर कोई बड़ा कदम नहीं उठाया गया। जब कोई बड़ी घटना होगी तब अधिकारियों को समझ में आएगी। जल निगम जिला अधिकारी मनोज राज से बात करने पर उन्होंने कहा ठेकेदार से बात करते हैं। यह कौन सी बात हुई तो सेफ्टी से काम नहीं करेंगे। रात्रि में काम क्यों करवा रहे हैं इसकी जानकारी लेते है।

## 70वां स्थापना दिवस समारोह मनाया




**दमोह।** भरतीय मजदूर संघ से संबद्धता प्राप्त माइकेम सीमेंट एवं माइंस कर्मचारी संघ नरसिंहगढ़ दमोह मध्यप्रदेश में 70वां वार्षिक स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें संघ के महामंत्री ने सभी को संगठन की रीति नीति एवं संगठन द्वारा किए वर्षों में किए कार्य एवं संगठन को मजदूर करने के संबंध में अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर और संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, पहलाद पटेल महामंत्री दारा सिंह, निशांत गुप्ता, श्रीनिवास राव करण लाल अन्य श्रमिक साथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

## वृंदावन से लौटे श्रद्धालुओं का हुआ भव्य स्वागत



**बनवार।** श्रीमद्भागवत कथा ब्रज दर्शन यात्रा कर वृंदावन से लौटे श्रद्धालुओं का बनवार बांदकपुर धाम में भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा में 150 यात्री सम्मिलित हुए थे, जिन्होंने वृंदावन में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया और ब्रज दर्शन किए। यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं ने बताया कि यह यात्रा अद्भुत रही और उन्होंने भगवान की भक्ति में डूबकर आनंद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था, जिसका सभी यात्रियों ने आनंद लिया। बांदकपुर धाम में कथा वाचक पं उमाशंकर शास्त्री जी महाराज का बाजे-गाजों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। शास्त्री जी ने बताया कि यह ब्रज दर्शन यात्रा और संगीतमय भागवत कथा अद्भुत रही और यात्रा का पावन संकल्प पूर्ण हुआ। शास्त्री जी ने आगे बताया कि अब आगे इसी प्रकार की यात्रा और भागवत कथा हर तीर्थ में होगी, जो तीर्थ का महत्व और यात्रियों के लिए सुविधायुक्त होगी। यात्रा से लौटने के बाद सभी श्रद्धालुओं ने हर्ष और उल्लास के साथ श्री जागेश्वर नाथ जी के दर्शन पूजन किए। बांदकपुर से शंकर गौतम, राधेश्याम यादव, परमलाल शिक्षक, अनिकेत दुबे, शुभम ठाकुर, संगीत चक्रवाती आदि भक्तों ने वापसी पर स्वागत किया। सभी श्रद्धालुओं ने भगवान की भक्ति में डूबकर आनंद प्राप्त किया और यात्रा की मंगल बधाई दी।

## रिफाइंड सोयाबीन तेल के लिए गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिए गए। मागंज वार्ड नं 4,इटोरिया वाटिका स्थित इटोरिया एग्रोटेक लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। उक्त फर्म इटोरिया एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा आपूर्ति ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल का री-पैकिंग/निर्माण किया जाता है। उक्त परिसर से रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिए गए। खाद्य परिसर में फ़ूड लाईसेंस की प्रति लगी हुई पाई गई। इन खाद्य तेल के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान परिसर में मौके पर कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल परीक्षण प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश दिए गए।

## शिव पार्वती विवाह की कथा भक्ति प्रेम और तपस्या का अद्भुत उदाहरण है - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय नंदीश्वर महादेव नंदीवन मंदिर आमचौपरा में नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण की कथा चल रही है जिसके अंतर्गत नित्य प्रातः 7 बजे से रुद्री निर्माण एवं प्रातः 9 बजे से रुद्राभिषेक कराया रहा है जिसमें नित्य एक हजार वेलपत्र से सहस्रार्चन होता है। आज मासिक शिवरात्रि के चलते कमलगट्टा के द्वारा शिवजी का विशेष सहस्रार्चन पूजन कराया गया। प्रतिदिन दूध दही घी शहद शक्कर गंगाजल नर्मदाजल यमुनाजल समुद्रजल भस्म विजया से रुद्राष्टाध्यायी द्वारा विधिवत रुद्राभिषेक स्नान कराया जा रहा है। वहीं शिव पुराण कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज के द्वारा अपरान्ह 3 बजे से शिव पार्वती के विवाह का दिव्य प्रसंग भक्तों को श्रवण कराया गया जिसमें उन्होंने बताया कि सती के वियोग में शिव ने वैराग्य धारण कर लिया और ध्यान में लीन हो गए। सती ने अगले जन्म में हिमालयराज के घर पार्वती के रूप में जन्म लिया बाल्यकाल से ही वे शिव की आराधना करने लगीं नारद मुनि ने उन्हें बताया कि वे कठिन तपस्या से ही शिव को प्राप्त कर सकती हैं। माता पार्वती ने कठोर तपस्या की कई वर्षों तक फलाहार फिर केवल पत्तों पर और अंत में निर्जल तपस्या की भगवान शिव ने पार्वती की तपस्या की परीक्षा लेने के लिए ब्राह्मण के रूप में प्रकट होकर शिव के अवगुण गिनाने लगे लेकिन माता पार्वती अपने संकल्प पर अडिग रहीं और शिव के प्रति अपनी भक्ति सिद्ध की तब भगवान शिव ने प्रसन्न होकर पार्वती को दर्शन दिए और विवाह का वरदान दिया। भगवान शिव ने सप्तऋषियों को माता पार्वती के विवाह हेतु प्रस्ताव देने के लिए भेजा तब हिमालयराज ने सहर्ष स्वीकार किया तो विवाह की तैयारियाँ शुरू हुईं शिवजी की बारात में सभी गण भूत प्रेत नाग योगी और ऋषि शामिल थे। यह बारात अत्यंत अद्भुत और विचित्र थी जिसे देखकर पार्वती की माता मैना देवी घबरा गईं तब भगवान शिव ने सुंदर स्वरूप धारण किया और माता पार्वती से विवाह किया। यह विवाह पूरे ब्रह्मांड के लिए आनंद का अवसर था देवताओं ने पुष्प वर्षा की और समस्त लोकों ने शिव-पार्वती के पवित्र मिलन का उत्सव मनाया यह कथा हमें सिखाती है कि सच्चा प्रेम और भक्ति सभी बाधाओं को पार कर सकती है और यदि श्रद्धा अटूट हो तो स्वयं महादेव भी भक्त के वश में हो जाते हैं रूद्री निर्माण रुद्राभिषेक के लिए बडी संख्या में भक्त पहुंच रहे है।

## मूंग खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**दमोह ।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने मंगलवार को समन्ना स्थित मूंग खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानीं और उन्हें जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। शिवहरे ने किसानों को हो रही दिक्कतों को लेकर दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर से बातचीत की और समस्याओं के तत्काल निराकरण की बात कही। उन्होंने खरीदी व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, भंडारण एवं भुगतान संबंधित एक-एक पहलुओं पर किसानों से जानकारी ली। इस अवसर पर बांदकपुर मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह लोधी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट हरिश्चंद्र पटेल 'गुड्डू', अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गणेश जाटव, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भारत यादव, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, तीरथ पटेल, देवल कटारिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्युत हीटर ,चक्की चलाने पर हुई कार्रवाई

**तेंदूखेड़ा।** विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत आने वाले धनगौर मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले रामदेवी और हमारे गांव में विद्युत कंपनी द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में घरों में अवैध रूप से विद्युत हीटर चलने अवैध रूप से चक्की चलाने एवं विद्युत की चोरी करने वालों पर कार्रवाई की गई है। पांच लोगों पर विद्युत प्रकरण बनाए गए इसके अलावा लोगों को समझाईस दी गई की बिजली की चोरी ना करें विद्युत चोरी करने वालों पर भी प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान विद्युत कंपनी के जिसमें एई. मोहम्मद फरीद अंसारी के नेतृत्व में लाईन मेन, सुधीर पटेरिया, देशराज लोधी, द्वारका मिश्रा, एवं अन्य स्टाक मौजूद रहा है।

## रेडक्रॉस चुनाव का पूरा प्लान बना लिया गया है- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि रेडक्रॉस के चुनाव के लिए सूचना जारी कर दी है और सभी जानते हैं कि रेडक्रास पीड़ित मानवता की सेवा का संगठन है और इसके माध्यम से लाखों लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा में मदद पहुंचाई जा सकती है। श्री कोचर ने कहा तो मेरा आग्रह यही है कि चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के अनुसार संपादित होने में हमारी सहयोग करें। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि रेडक्रास चुनाव का पूरा प्लान बना लिया गया है और बहुत ही सुनियोजित कार्य-योजना के माध्यम से पूरा चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराये जायेंगे।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता चौधरी राजेश सुमन उम्र 50 वर्ष पिता स्व श्री तुलसीराम चौधरी निवासी नया बाजार नं 05 कछियाना तह व जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि मेरे ड्रायविंग लाइसेंस में मेरा नाम राजेश कुमार अहिरवार दर्ज है जो कि त्रुटिवश दर्ज हो गया है। यह कि मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम चौधरी राजेश सुमन दर्ज है जो कि सही है। अत: अपने ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम राजेश कुमार अहिरवार के स्थान पर चौधरी राजेश सुमन दर्ज कराना चाहता हूं।

शपथकर्ता – चौधरी राजेश सुमन